## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में निर्माणाधीन अस्पताल के बेसमेंट की दीवार गिरी




**नईदिल्ली,26 जुलाई (एजेंसी)।** नई दिल्ली के सेक्टर 12 द्वारका में गुरुवार रात एक निजी अस्पताल की निर्माणाधीन इमारत के बेसमेंट की दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई और 8 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान देवी के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 30 साल थी। इस बारे में दिल्ली पुलिस ने कहा कि घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए क्राइम टीम को सूचित किया गया है और मामला दर्ज किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, गश्त के दौरान द्वारका उत्तर पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों ने सेक्टर 12 में पेट्रोल पंप के पास एक निजी अस्पताल की निर्माणाधीन इमारत/बेसमेंट के पास लोगों को इकट्ठा होते देखा। पता चला कि निर्माणाधीन बेसमेंट की दीवार गिर गई थी और कुछ लोग फंस गए थे। अधिकारी ने बताया, कुल नौ घायलों को दो अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया था, जिनमें से देवी नाम की एक महिला को आइजीआइ अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

### 25 मुख्य सड़कों की बदलेगी सूरत, शहर के दर्जनों सेक्टरों की राह होगी आसान



**नईदिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसी)।** गुरुग्राम शहर में जल्द ही 25 मुख्य सड़कों की सूरत बदलने जा रही है। इन सड़कों की मरम्मत पर 83 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने इस योजना के तहत इन सड़कों को तीन हिस्सों में विभाजित करके टेंडर आमंत्रित किए थे। प्रत्येक टेंडर की एवज में 10-10 कंपनियों ने आवेदन किया है। अब इन कंपनियों की तकनीकी और वित्तीय कागजात की जांच की जा रही है। इसके पश्चात किसी एक कंपनी को टेंडर आवंटित कर दिया जाएगा। इन्हें नौ महीने के अंदर इन सड़कों की मरम्मत करनी होगी। जीएमडीए ने सेक्टर-90/93, 92/95, 91/92, 92/95 ओपन स्पेस, सेक्टर-91 की बाहरी सड़क की मरम्मत 29.77 करोड़ रुपये से होगी। जीएमडीए ने 14 जून को इसके तहत टेंडर आमंत्रित किए थे। 8 जुलाई को इस टेंडर को खोला गया। 10 कंपनियों ने आवेदन किया है। इन कंपनियों के आवेदन की जांच की जा रही है। इसके बाद किसी एक कंपनी को यह टेंडर आवंटित किया जाएगा। इस तरह 24.81 करोड़ रुपये से सेक्टर-81-81ए से 86/87, सेक्टर-90/91, 82/85 से 83/84, सेक्टर-87 के ओपन स्पेज से 81/86 की मुख्य सड़क की मरम्मत की जाएगी। पुराने गुरुग्राम में महावीर चौक से लेकर अतुल कटारिया चौक, सेक्टर-23/23ए, 18/19, सेक्टर-15 के पार्ट एक और दो, न्यू रेलवे रोड, ओल्ड रेलवे रोड, सिविल लाइंस रोड, सेक्टर-9/9ए, कृष्णा चौक से रेजांगला चौक, सेक्टर-पांच/छह, सेक्टर-22/23, सेक्टर-सात/आठ, सेक्टर-21/22 की मुख्य सड़क की मरम्मत की जाएगी। इसके ऊपर करीब 28.72 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बची सड़कों की मरम्म्त के लिए भी जीएमडीए ने योजना बनाई है। सेक्टर-24 से लेकर 80 तक सड़कों की मरम्मत पर करीब 3.37 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा। इनकी मरम्मत को लेकर एक कंपनी का चयन किया जाएगा। जीएमडीए के मुख्य अभियंता अरुण धनखड़ ने कहा, गुरुग्राम शहर की 25 सड़कों की मरम्मत को लेकर तीन टेंडर आमंत्रित किए हैं। 10-10 कंपनियों ने हिस्सा लिया है।

# अरविंद केजरीवाल को अदालत से एक और राहत, स्पेशल वाली बात कह हाईकोर्ट ने पूरी कर दी डिमांड

**नईदिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसी)।** कथित शराब घोटाले में लगे आरोपों की वजह से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए हाई कोर्ट से एक राहत भरी खबर है। हाई कोर्ट ने वकीलों से मीटिंग बढ़ाने की उनकी डिमांड मान ली है। कोर्ट की मंजूरी के बाद वह जेल में वकीलों से हर सप्ताह दो अतिरिक्त मुलाकातें कर पाएंगे। केजरीवाल को 21 मार्च को शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें ईडी केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। लेकिन अब सीबीआई केस की वजह से जेल में बंद हैं।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने यह कहते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री की मांग मान ली कि, विशेष परिस्थितियों में विशेष उपाय की आवश्यकता होती है। जज ने आगे कहा कि निष्पक्ष ट्रायल के मूलभूत अधिकार और प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व को मान्यता देते हुए याचिकाकर्ता को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वकीलों से दो अतिरिक्त मुलाकातों की इजाजत दी जाती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि केजरीवाल जब तक जेल में बंद हैं उन्हें यह सुविधा मिलती रहेगी।

हाई कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले में सुनवाई पूरी करके फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और



तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने केजरीवाल की मांग का विरोध करते हुए कहा था कि कानून सभी के लिए समान है। केजरीवाल के वकील ने कहा था कि आम आदमी पार्टी के मुखिया देशभर में लगभग 35 मुकदमों का सामना कर रहे हैं। निष्पक्ष सुनवाई के लिए उन्हें इन मामलों पर चर्चा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त मुलाकातों की जरूरत है।

केजरीवाल की याचिका का विरोध करते हुए तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने दलील दी कि ऐसे कई कैदी हैं जिनके खिलाफ 100 मामले लंबित हैं और उन्हें अपने वकीलों से केवल दो बार मुलाकात की अनुमति है। ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल वकीलों के साथ अपनी बैठकों का इस्तेमाल दिल्ली सरकार के मंत्रियों को निर्देश भेजने के लिए कर रहे थे। केजरीवाल की याचिका का विरोध करते ईडी के वकील ने कहा कि इसी तरह का आवेदन एक जनहित याचिका में उच्च न्यायालय की खंडपीठ के सामने किया गया था, लेकिन आवेदन को खारिज कर दिया गया था। वकील ने कहा कि दिल्ली जेल के नियम देश के अन्य हिस्सों की तुलना में कहीं अधिक उदार हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जेलों में सभी कैदियों के साथ समान व्यवहार किया जाता है और सभी को सप्ताह में दो बार अपने वकीलों से मिलने का मौका मिलता है। दलीलों का विरोध करते हुए केजरीवाल के वकील ने कहा कि ईडी को इस मामले में कुछ नहीं कहना चाहिए क्योंकि वह न्यायिक हिरासत में हैं और जेल अधिकारी मामले में मुख्य पक्षकार हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन की उस याचिका पर ईडी से जवाब मांगा, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके और अन्य के खिलाफ निचली अदालत द्वारा आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने जैन की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया और 15 दिनों के भीतर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। अदालत ने मामले को 22 अगस्त को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। जैन ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने के ट्रायल कोर्ट के 29 जुलाई 2022 के आदेश को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने मामले में उन्हें जारी किए गए समन और उसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेशों को भी चुनौती दी है। साथ ही जेल से रिहाई की मांग की है। वहीं, ईडी ने जैन की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि निचली अदालत का संज्ञान आदेश जुलाई 2022 में पारित किया गया था और आप नेता ने अब इसे चुनौती दी है। ईडी ने सत्येंद्र जैन के अलावा उनकी पत्नी पूनम जैन, वैभव जैन, अंकुश जैन, अजीत प्रसाद जैन और सुनील जैन के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किया था।

## जेल का बजट बढ़ा दो, अगला नंबर तुम्हारा है; संसद में बीजेपी पर बरसे संजय सिंह

**नईदिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और ऊर्जा के साथ ही जेल के बजट में भी कटौती करने का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार से कहा कि वह कम से कम जेल का तो बजट बढ़ा दे क्योंकि जेल जाने के लिए अगला नंबर सत्ता पक्ष के लोगों का आने वाला है। उनकी इस बात पर सभापति धनखड़ ने कहा कि यह बहुत ही मार्मिक अपील है। संजय सिंह ने यह बात राज्यसभा में आम बजट 2024-25 पर चर्चा में भाग लेते हुए कही। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित विपक्ष के अन्य नेताओं को पकड़कर जेल में डालने का दावा करते हुए आरोप लगाया कि सरकार का मकसद ऐसे मामलों में न्याय दिलाना नहीं है। क्क सांसद ने कहा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए बजट को सत्ताधारी दल के लोग क्रांतिक्रारी कह रहे हैं और ढोल पीटकर इसे विकसित भारत का बजट बता रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि सरकार ने रक्षा बजट तक में कटौती करने का काम किया गया। इसे 9.6 प्रतिशत से घटाकर 9.43 प्रतिशत कर दिया गया है। सिंह ने कहा कि कृषि, स्वास्थ्य, परिवहन, पेंशन और ऊर्जा क्षेत्र के साथ ही वैज्ञानिक विभाग और जेल का भी बजट कम कर दिया गया है। इसी दौरान उन्होंने कहा, जेल का बजट तो बढ़ा दीजिए। 300 करोड़ रु है जेल का बजट। अभी हमको जेल में भेजा है, कल तुमको जेल में आना है। तुम सबको जेल में आना है। जेल का बजट बढ़ा दो, जेलों को ठीक कर दो। अगला नंबर तुम्हारा है। तुम्हें जेल में आना है, इसलिए कम से कम जेलों को तो ठीक कर दो। उस वक्त आसन पर मौजूद सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के नेता जेपी नड्डा से कहा, सदन के नेताजी से मैं अनुरोध करूंगा कि यह बहुत मार्मिक अपील है जेल का बजट बढ़ाने के लिए, और इस पर आप गौर फरमाइए क्योंकि इसके पीछे एक पृष्ठभूमि भी है।

## तुम मंदिर से बिजली चोरी करते हो; दिल्ली में चाकू से गोदकर मार डाला गया शख्स

**नईदिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसी)।** दिल्ली के त्रिलोकपुरी में चाकू से गोदकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई, जबकि दो घायल हैं। मंदिर से बिजली चोरी का आरोप लगाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। बाद में चाकूबाजी के दौरान एक की मौत हो गई। त्रिलोकपुर के 20 ब्लॉक से गुरुवार को पुलिस को पीसीआर पर चाकूबाजी की सूचना मिली। मौके पर पुलिसकर्मी पहुंचे तो पता चला कि घायलों को एलबीएस अस्पताल ले जाया गया है। गंभीर रूप से घायल विकास को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। छाती में चाकू लगने की वजह से उसकी स्थिति बेहद नाजुक थी। रात में अस्पताल में इलाज के दौरान विकास की मौत हो गई। सुरेंद्र के परिवार ने महेश के परिवार पर मंदिर में इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्ज (बिजली चोरी) करने का आरोप लगाया था। जिसको लेकर विवाद शुरू हुआ। बहस के बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र के घर के लोगों ने चाकूओं के साथ हमला कर दिया। 60 वर्षीय महेश के चेहरे पर जख्म हैं जबकि उनके बेटे विकास (31) की छाती के निचले हिस्से में चाकू लगी। विकास के 33 वर्षीय अभय भी जख्मी है। आरोपी सुरेंद्र (51) उसका 18 साल का बेटा प्रेम और एक नाबालिग है। पुलिस ने बताया कि बीएनएस की धारा 109(1)/115(2)/118(1)(3)(5) के तहत केस दर्ज किया गया है। विकास की मौत के बाद बीएनएस की धारा 103(1) जोड़ दी गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में किसानों को साधने के लिए भाजपा का ग्राम परिक्रमा वाला सुपर प्लान, 23 सीटों पर दिखेगा

**नईदिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसी)।** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। दिल्ली देहात की 23 विधानसभा सीटों पर किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा अभियान शुरू करेगा। इसके तहत बूथ स्तर पर घर-घर जनसंपर्क कर केंद्र सरकार की योजनाएं बताई जाएंगी। दिल्ली में विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा अपनी कमजोर सीटों को मजबूत करने में जुट गई है। गुरुवार को किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में यह फैसला लिया। अलीपुर पर आयोजित किसान मोर्चा की कार्यकारिणी बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेनवा ने कहा कि 1961 से किसानों की जमीन के अधिग्रहण के बदले वैकल्पिक प्लॉट व दुकान देने की पॉलिसी है, लेकिन 2016 में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने किसानों के वैकल्पिक प्लॉट के आवंटन के आदेश निरस्त कर दिए। इस फैसले से राजधानी में 16,500 किसानों को प्लॉट नहीं मिले। दिल्ली में ऐसी सरकार है,जो किसानों को किसान होने का दर्जा तक नहीं देती। यहां के किसान ट्रैक्टर और दूसरे कृषि उपकरण खरीदने पर कर देते हैं। भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि आप सरकार के चलते पूरी दिल्ली के साथ दिल्ली देहात में विकास कार्य ठप हो गए हैं। जनता इस सरकार से मुक्ति चाहती है। दिल्ली में किसान अपने ही अधिकारों के लिए राज्य सरकार से लड़ रहे हैं, लेकिन दिल्ली सरकार दिल्ली देहात के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने भी



कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया और भाजपा के इतिहास पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम में जाएं और केंद्र सरकार की योजनाओं समेत उपलब्धियों के बारे में बताएं। परेशान लोगों की हरसंभव मदद की जाए। वहीं, दिल्ली भाजपा ने गुरुवार को यमुना के मामले पर भी दिल्ली सरकार को घेरा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यमुना में बड़ी मात्रा में विषाक्त झाग बनने के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। यह पहली बार है जब मॉनसून में भी इस तरह के विषाक्त झाग यमुना में बन रहे हैं। झाग का बनना संकेत देता है कि बड़ी मात्रा में अपशिष्ट जल, बिना ट्रीटमेंट सीवेज और उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषक यमुना में बिना किसी रोक-टोक के गिर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 36 एसटीपी में से 24 से अधिक निर्धारित मापदंडों से बहुत नीचे काम कर रहे हैं, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से की मुलाकात

**बीजिंग, 26 जुलाई (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की और बीजिंग के साथ द्विपक्षीय संबंधों में ''स्थायित्व लाने और ''पुनर्बहाली के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) तथा पिछले समझौतों का ''पूर्ण सम्मान सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। यह जयशंकर और वांग की इस महीने दूसरी मुलाकात थी। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की बैठकों में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी में मौजूद दोनों नेताओं ने मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मजबूत मार्गदर्शन देने की आवश्यकता पर भी सहमति व्यक्त की। जयशंकर ने यहां आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान वांग से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट किया, ''सीपीसी (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना) पोलित ब्यूरो सदस्य और (चीन के) विदेश मंत्री वांग यी से आज वियनतियान में मुलाकात की। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चर्चा जारी रही। सीमा की स्थिति निश्चित रूप से हमारे संबंधों की स्थिति पर प्रतिबिंबित होगी। भारत का कहना है कि जब तक सीमा क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। जयशंकर और वांग के बीच वार्ता पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद जारी रहने के बीच हुई जो मई में अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश कर गया। उन्होंने कहा, ''वापसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन दिए जाने की आवश्यकता पर सहमति बनी। एलएसी और पिछले समझौतों का पूरा सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हमारे संबंधों को स्थिर करना हमारे आपसी हित में है। हमें वर्तमान मुद्दों पर उद्देश्य और तत्परता की भावना का रुख रखना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बैठक ने दोनों मंत्रियों को चार जुलाई को अस्ताना में अपनी पिछली बैठक के बाद से स्थिति की समीक्षा करने का अवसर दिया। मंत्रालय ने कहा, ''उनकी बातचीत द्विपक्षीय संबंधों में स्थायित्व लाने और पुनर्बहाली के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से संबंधित शेष मुद्दों का शीघ्र समाधान खोजने पर केंद्रित थी। इसने कहा, ''दोनों मंत्री जल्द से जल्द सैनिकों की पूर्ण वापसी के लिए उद्देश्य और तत्परता के साथ काम करने की आवश्यकता पर सहमत हुए। सीमाओं पर शांति तथा एलएसी के प्रति सम्मान द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति के लिए आवश्यक है। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्षों को अतीत में दोनों सरकारों के बीच हुए प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और समझ का पूरी तरह से पालन करना चाहिए। विदेश मंत्री ने हमारे संबंधों के लिए तीन परस्पर महत्वों-आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी संवेदनशीलता पर जोर दिया। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की जल्द ही बैठक करेंगे।

## बाइडेन और हैरिस से मिले नेतन्याहू, गाजा में जारी युद्ध पर की चर्चा

**वाशिंगटन, 26 जुलाई (एजेंसी)।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात कर गाजा में जारी युद्ध पर चर्चा की। साल 2020 के बाद नेतन्याहू पहली बार व्हाइट हाउस गए। पिछली बार जब वह व्हाइट हाउस गए थे, तब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप थे। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब गाजा में नौ महीने से जारी युद्ध को खत्म करने के लिए दबाव बढ़ रहा है। दर्जनों इजराइली बंधक अब भी हमास के कब्जे में हैं और गाजा में 39 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। दक्षिणपंथी कही जाने वाली लिकुड पार्टी के नेता नेतन्याहू और मध्यमार्गी विचारधारा वाली डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता बाइडेन के रिश्तों में हालिया कुछ वर्षों में उतार-चढ़ाव देखे गए हैं। हैरिस बाद में नेतन्याहू से अलग से मुलाकात करेंगी। नेतन्याहू और हैरिस के बीच आखिरी बार 2021 में आमने-सामने बातचीत हुई थी, लेकिन वह बाइडन और नेतन्याहू के बीच 20 से बार बातचीत में शामिल रही थीं। बाइडेन इजराइल और हमास के बीच संघर्षविराम होने और गाजा में बंधक बनाए गए बंधकों को तीन चरण में रिहा कराने के समझौते के लिए दबाव डाल रहे हैं। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने बताया कि वार्ता अंतिम चरण में है और कुछ मुद्दे बचे हैं जिनका समाधान किया जाना है। नेतन्याहू बाइडेन से मुलाकात करने के बाद हमास द्वारा बंधक बनाए गए अमेरिकियों के परिवारों से मुलाकात करेंगे।



## हीरो को मिली 2336.71 करोड़ रुपये मामले में बड़ी सफलता

**नईदिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसी)।** टू-ह्वीलर बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। कंपनी को पुराने टैक्स के मामले में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बता दें, 2336.71 करोड़ रुपये के टैक्स डिमांड के मामले में आइटीएटी ने हीरो मोटोकॉर्प के पक्ष में फैसला सुनाया है। टू-व्हीलर्स गाड़ियां बनाने वाली कंपनी से यह टैक्स 2011-12 के एसेसमेंट के लिए मांगा गया था। आइटीएटी की दिल्ली बेंच ने यह आदेश 24 जुलाई को दिया था। वहीं, इस फैसले की जानकारी कंपनी की तरफ से 25 जुलाई को साझा की गई थी। बीएसई में कंपनी के शेयर आज मामूली बढ़त के साथ बंद खुले हैं। लेकिन कुछ ही देर में कंपनी के शेयर 5444.05 रुपये के लेवल पर पहुंच गए थे। कंपनी के शेयर 9.21 मिनट पर 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 5434.65 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहे थे।

## बीएसएनएल से जुड़े 27 लाख से ज्यादा नए ग्राहक, तगड़ा फायदा करा सकते हैं 4 शेयर

**नईदिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसी)।** जब से जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने टैरिफ प्लान को बढ़ाया है उसके बाद से ही बीएसएनएल के सिम की मांग बढ़ गई है। इन प्राइवेट कंपनियों ने कीमतों में 11 से 25 प्रतिशत तक का किया है। वहीं, दूसरी तरफ सरकारी कंपनी बीएसएनएल की कीमतें स्थिर हैं। इसका फायदा भी अब बीएसएनएल को मिल रहा है। बीएसएनएल ने 27 लाख ग्राहक जोड़े हैं। बीएसएनएल से नए ग्राहक जुड़ने से इन 4 कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिल सकती है।

**1- तेजस नेटवर्क** - कंपनी को बीएसएनएल ने अबतक का सबसे बड़ा ऑर्डर दिया है। मई के महीने में बीएसएनएल ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की




अगुवाई वाले कंसोर्टियम को 4जी नेटवर्क लगाने के लिए 15,000 करोड़ रुपये का काम दिया है। तेजस नेटवर्क इसी कंसोर्टियम का हिस्सा है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर बीएसई में 1295.20 रुपये के लेवल पर थे। पिछले 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 67 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, कंपनी के लिए वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही भी शानदार रही है। इस दौरान कंपनी को 1.47 अरब रुपये का मुनाफा हुआ है। जोकि सालाना आधार 168 प्रतिशत अधिक है।

**2-हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशंस लिमिटेड** - हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशंस लिमिटेड को देश भर में ऑप्टिकल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क अपग्रेड करने के लिए 11.3 अरब रुपये का काम मिला है। देश भर में ब्राडबैंड की बढ़ती मांग को देखते हुए इस कंपनी की भूमिका काफी अहम हो जाती है। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 83 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव 121 रुपये के लेवल पर था।

**3- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज** - टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बीएसएनएल ने 1000 गांवों में 4जी सर्विसेज पहुंचाने के लिए 15,000 करोड़ रुपये का समझौता किया है। दोनों कंपनियां मिलकर गांव में हाई स्पीड इंटरनेट पहुंचाना चाहती हैं। साथ ही जियो और एयरटेल के लिए एक बेहतर विकल्प खड़ा करने की कोशिश कर रही हैं। एशिया की सबसे बड़ी आईटी कंपनी के शेयर शुक्रवार 4389.95 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहे थे। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 29 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।